# अभ्यास प्रश्न पत्र2023 -

## कक्षा-10

SET-A

## विषय -सामाजिक विज्ञान

**समय -3 घंटा** **पूर्णांक-75 अंक**

**निर्देश-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए1 x 30=30 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्र. 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 23 के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित करें तथा मानचित्र को भरकर उत्तरपुस्तिका में संलग्न करें |

**1. सही विकल्प का चयन कीजिए –** **(1x6=6)**

(i) "हमें ही देश के लिए क़ुरबानी देने के लिए क्यों चुना गया?" कथन किससे सम्बंधित है?

(अ) बाँध विस्थापित से (ब) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

(स) बीमारी से (द) देश की सुरक्षा से

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा देश वियना की कांग्रेस में शामिल नहीं हुआ?

(अ) ब्रिटेन (ब) रूस

(स) प्रशिया (द) स्विट्जरलैंड

(iii) गिरमिट से तात्पर्य था –

(अ) एग्रीमेंट (ब) किसान

(स) लेबर (द) सामंत

(iv) श्रीलंका की राजधानी है।

(अ) कोलंबो (ब) ट्रिंकोमाली

(स) बट्टिकालोवा (द) जाफना

(v) लोकतंत्र के मूल्यांकन के लिहाज से इनमें से कोई एक चीज लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है। उसे चुनें –

(अ) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव (ब) व्यक्ति की गरिमा

(स) बहुसंख्यकों का शासन (द) कानून के समक्ष समानता

(vi) भारत के इनमें से किस राज्य में 90% ग्रामीण लोग राशन की दुकानों का प्रयोग करते हैं?

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) तमिलनाडु

(स) हरियाणा (द) इनमें से कोई नहीं

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** **(1x6 = 6)**

(i) एल्यूमीनियम का कच्चा माल .......................... है।

(ii) 'गॉड सेव अवर नोबल किंग' .............. का राष्ट्रगान है।

(iii) प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रकों की गतिविधियाँ.............. हैं।

(iv) भारत में .................... पर आधारित सामाजिक विभाजन है।

(v) भौगोलिक रूप से बेल्जियम की तुलना भारतीय राज्य............ से की गई है।

(vi) लोकतंत्र का मतलब है ................. का शासन।

**3. सही जोड़ियाँ बनाइए –** **(1x6 = 6)**

| सूची (अ) | सूची (ब) |
|---|---|
| i. विश्व का सबसे बड़ा उद्योग | अ. मुम्बई |
| ii. बेंगलुरू | ब. राज्य सूची |
| iii. गोलमेज सम्मेलन | स. यू.एन.डी.पी. |
| iv. मानव विकास रिपोर्ट | द. लंदन |
| v. वाणिज्य | इ. साफ्टवेयर पार्क |
| vi. प्राकृतिक पत्तन | फ. कपड़ा |

**4. एक शब्द / वाक्य में उत्तर लिखिये –** **(1x6 = 6)**

(i) भारत की पहली रेल मुम्बई से थाणे के बीच चली। इसने कितनी दूरी तय की थी ?

(ii) महात्मा गाँधी ने अपना अध्यात्मिक उत्तराधिकारी किसे घोषित किया था ?

(iii) एक लैगून के मुहाने पर स्थित प्राकृतिक पोताश्रय का नाम लिखिए।

(iv) धर्म और राजनीति को अलग नहीं किया जा सकता किसका कथन है ?

(v) विमुद्रीकरण किसे कहते हैं ?

(vi) न्युकैसल से ट्रांसवाल की ओर बढ़ रहे जुलूस का नेतृत्व किसने किया था ?

**5. सत्य/असत्य लिखिये –** **(1x6 = 6)**

(i) वन संरक्षण एवं प्रबंधन की दृष्टि से वनों को तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है।

(ii) वेतन की अपेक्षा जमीन और पालतु पशुओं पर निर्भरता वाला महाद्वीप अमेरिका था।

(iii) स्पिनिंग जेनी मशीन को इंग्लैंड की महिलाएं बहुत पसंद करती थीं।

(iv)लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था वाले देशों की विकास दर सबसे अधिक होती है।

(v) काम का अधिकार और मनरेगा अलग अलग हैं।

(vi) आयात पर कर व्यापार अवरोध का एक उदाहरण है।

6. संसाधन किसे कहते हैं ? 2

अथवा

मानव निर्मित संसाधनों के चार उदाहरण दीजिए।

7. औपनिवेशिक काल में साम्राज्यवादी शासक अपने उपनिवेशों के संसाधनों का शोषण करने में क्यों सफ़ल रहे? 2

अथवा

नवीकरण व अनवीकरण संसाधन किसे कहते हैं ?

8. भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है ? 2

अथवा

रेशम मार्ग क्यों महत्त्वपूर्ण था ?

9. औद्योगीकरण के शुरुआती दौर में व्यापारी मशीनों से दूर ही रहना पसंद करते थे, क्यों ? 2

अथवा

महिलाओं ने स्पिनिंग जेनी का विरोध क्यों किया?

10. एक कृषि आधारित उद्योग तथा एक खनिज आधारित उद्योग का नाम लिखिए। 2

अथवा

उर्वरक उद्योग के तीन प्रमुख पोषक उर्वरकों के नाम लिखिए।

11. क्या आप मानते हैं कि आर्थिक गतिविधियों की प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र में विभाजन की उपयोगिता है? 2

अथवा

"भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में तृतीयक क्षेत्रक कोई महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा रहा है।" क्या आप इससे सहमत है?

12. विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश में दो अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

वैश्वीकरण के दो दुष्परिणाम लिखिए।

13. रेल परिवहन का महत्व लिखिए। 2

अथवा

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार किसे कहते हैं ?

14. भारतीय किसान अपने बेटे को किसान क्यों नहीं बनाना चाहता है? 2

अथवा

रबी और खरीफ की फसलों में दो अंतर लिखिए।

15. पवनहंस क्या है? इसके कार्य लिखिए। 2

अथवा

भारत सरकार द्वारा घोषित दो राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम लिखिए।

16. मौखिक संस्कृति मुद्रित संस्कृति में दाखिल हुई? स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

मुद्रण संस्कृति ने फ्रांस की क्रांति के लिए अनुकूल परिस्थितियां रचीं। स्पष्ट कीजिए।

17. मुद्रण के संदर्भ में महात्मा गाँधी के क्या विचार थे? 2

अथवा

उन्नीसवीं सदी में भारत में गरीब जनता पर मुद्रण संस्कृति का क्या असर हुआ?

18. पारिस्थितिकी तंत्र क्या है? वन पारिस्थितिकी तंत्र की उपयोगिता बताइयें। 3

अथवा

भारत में वन संरक्षण के कोई तीन उपाय लिखिए।

19. भारत एक संघीय व्यवस्था वाला देश है इस तथ्य को साबित करने वाले मुख्य तीन बिंदुओं को लिखिए। 3

अथवा

भारत में विकेन्द्रीकरण के तहत त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था को समझाइए।

20. उधारदाता उधार देते समय समर्थक ऋणाधार (गांरटी) की मांग क्यों करता है? 3

अथवा

मुद्रा के प्रयोग से वस्तुओं के विनिमय में सहूलियत आई ? समझाइए।

21. असहयोग आंदोलन में चौरी-चौरा की घटना का क्या महत्त्व है? 4

अथवा

गरीब किसान, सविनय अवज्ञा आंदोलन में क्यों शामिल हुए? कांग्रेस उनकी मांगों को पूरा समर्थन क्यों नहीं दे पाई?

22. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की आवश्यकता क्यों है ? समझाइए। 4

अथवा

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओं की चर्चा कीजिए।

23.-भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए 4

1. ओडिशा – झारखंड लौह अयस्क पेटी
2. सिंगरौली कोयला क्षेत्र
3. अमरकंटक तापीय विद्युत संयंत्र
4. कलपक्कम आणविक ऊर्जा संयंत्र

**अथवा**

अ. नरोरा

ब. तूतीकोरिन

स. एच वी जे प्राकृतिक गैस पाइप लाइन

द. कटनी की बॉक्साइट की खदानें

प्रश्न 23 के लिए  मानचित्र-

